झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग के अन्तर्गत सहायक नगर निवेशक के पदों पर सीधी नियुक्ति (विज्ञापन संख्या–04/2020) हेतु आवश्यक सूचना।

झारखण्ड राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग के अन्तर्गत सहायक नगर निवेशक के पदों पर सीधी नियुक्ति (विज्ञापन संख्या–04/2020) हेतु रिक्तियों के विरूद्ध औपबंधिक रूप से स्वीकृत ऑनलाइन आवेदन की सूची आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है। उक्त सूची में अंकित अभ्यर्थी, विज्ञापन की कंडिका–11(n) के आलोक में ऑनलाइन आवेदन में किये गये अपने दावे के अनुरूप निम्न प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति आयोग के e-mail id- **atp2020@jpsc.gov.in** पर दिनांक–27.08.2020 से दिनांक–08.09.2020 तक भेजना सुनिश्चित करेंगे। अंतिम तिथि के उपरान्त ई–मेल से प्राप्त प्रमाण पत्र/अभिलेख पर विचार नहीं किया जायेगा।

(i) ऑनलाइन आवेदन की प्रति।
(ii) मैट्रिक प्रमाण पत्र एवं अंकपत्र की प्रति।
(iii) इंटरमीडिएट प्रमाण पत्र एवं अंकपत्र की प्रति।
(iv) मान्यता प्राप्त संस्थान से वास्तुकला/बी0 प्लानिंग/असैनिक अभियंत्रण में स्नातक उत्तीर्णता का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।
(v) मान्यता प्राप्त संस्थान से अर्बन प्लानिंग/ट्रान्सपोर्ट प्लानिंग/हाउसिंग/पर्यावरण प्लानिंग/क्षेत्रीय प्लानिंग में से किसी एक विषय में विशिष्टिकरण के साथ मास्टर ऑफ प्लानिंग की उपाधि प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।
(vi) इन्स्टिट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स (इण्डिया), नई दिल्ली से साहचर्य सदस्यता संबंधी प्रमाण पत्र।
(vii) जाति प्रमाण पत्र/E.W.S. प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)।
(viii) मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्गत विकलांगता प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)।

2. उक्त अभिलेखों का **Single PDF File** बना कर e-mail करना आवश्यक है।
3. औपबंधिक रूप से स्वीकृत ऑनलाइन आवेदन की सूची तथा अस्वीकृत ऑनलाइन आवेदन/बिना परीक्षा शुल्क के ऑनलाइन आवेदन की कारण सहित सूची आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।
4. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के Help Line No. +919431301636 एवं +919431301419 पर केवल कार्य दिवस में पूर्वाह्न–10:00 बजे से अपराह्न–5:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।
5. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।